# भारतीय कपास निगम लिमिटेड
## कपास भवन ,सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई 400614

**विषय:- बैंकों से अप्रतिभूत ऋण प्राप्त करने के लिए बोली**

भारतीय कपास निगम लिमिटेड वस्त्र मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत भारत सरकार का पूर्ण स्वामित्व वाला एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है । इसकी स्थापना वर्ष 1970 में हुई थी और इसका पंजीकृत कार्यालय सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई में स्थित है। सभी 10 कपास उत्पादक राज्यों में इसका 15 खरीद शाखाओं का नेटवर्क है । इसकी 2 बिक्री शाखाएं और कलंबोली में एक गोदाम परिसर भी है।

निगम का मुख्य उद्देश्य, जब भी कपास (सीड कॉटन) की कीमतें भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य को छूती हैं तब भारत सरकार की ओर से विभिन्न कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) से कपास किसानों से कच्चा कपास खरीदने हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का संचालन करना है। कपास किसानों से खरीदे गए कपास का भुगतान सीधे उनके संबंधित बैंक खातों में ई-भुगतान के माध्यम से किया जाता है। खरीद के बाद, कपास को निविदा प्रक्रिया के माध्यम से कपास सीजन के प्रारंभ में किराए पर लिए गए विभिन्न जिनिंग और प्रेसिंग कारखानों में प्रसंस्कृत किया जाता है। प्रसंस्करण के बाद, रूई गठानों को सीडब्ल्यूसी/एसडब्ल्यूसी /सहकारी गोदामों में वस्त्र मिलों आदि को बिक्री तक भंडारित किया जाता है। हालांकि, एमएसपी संचालन की अनुपस्थिति में, यह अपने जोखिम और लागत पर वाणिज्यिक संचालन भी करता है।

**कार्यशील पूँजी की आवश्यकता**

निगम के पास सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के सहायता संघ द्वारा स्वीकृत 40,000 करोड़ की ऋण सुविधा है । कपास खरीदी का संचालन मौसमी प्रकृति का होता है । कपास सीजन 1 अक्टूबर से शुरू और अगले वर्ष सितम्बर में समाप्त होता है । इसलिए, निगम अल्पावधि ऋणों/कार्यशील पूंजी मांग ऋण को बिना किसी दंड प्रभार के पूर्व भुगतान-विकल्प के साथ प्राप्त करता है। वर्तमान में, निगम 30 दिनों की अवधि के लिए अल्पावधि ऋण उपयोग कर रहा है। उक्त अल्पावधि ऋण सुविधाओं का श्रेणी निर्धारण (रेटिंग) मेसर्स एक्यूट रेटिंग एंड रिसर्च लिमिटेड द्वारा किया जाता है और अल्पावधि ऋण सुविधा के लिए उच्चतम ऋण श्रेणी निर्धारण (रेटिंग) यानि एक्यूट ए1+(ए1प्लस) और दीर्घावधि ऋण के श्रेणी निर्धारण (रेटिंग) के लिए एक्यूट एएए प्रदान किया गया है। विगत 3 वर्षों में निगम का वित्तीय परिणाम इस प्रकार हैं:

( रु. करोड़ में )

| क्र. सं. | वित्तीय वर्ष | कर पश्चात लाभ |
|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | 13.29 |
| 2 | 2022-23 | (55.54) |
| 3 | 2023-24 | 38.91 |
| 4 | 2024-25 | 29.65 |

निगम न्यूनतम ब्याज लागत पर अपनी कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, किसी भी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से बिना किसी दंड प्रभार के पूर्व-भुगतान विकल्प के साथ अत्यधिक प्रतियोगी ब्याज दर पर 3000 करोड़ रुपये तक के अप्रतिभूत अल्पावधि ऋण/कार्यशील पूंजी मांग ऋण प्राप्त करना चाहता है । हालांकि, आवश्यकता आधार पर, निगम पुन: ऋण प्राप्त करना चाहेगा ।

# THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.
**KAPAS BHAVAN, CBD BELAPUR, NAVI MUMBAI 400 614.**

## Sub: Bid for availing unsecured loans from Banks

The Cotton Corporation of India Ltd., is a Public Sector Undertaking wholly owned by Govt. of India, under the administrative control of Ministry of Textiles. It was established in the year 1970 and having its Registered Office situated at CBD Belapur, Navi Mumbai. It has a network of 15 procurement branches situated in all 10 cotton growing States. It has 2 sales branches and also a godown complex at Kalamboli.

The main objective of the Corporation is to undertake Minimum Support Price (MSP) operations for purchase of raw cotton from the cotton farmers in various Agriculture Produce Market Committee (APMC) on behalf of Govt. of India as and when the prices of kapas (seed cotton) touch the minimum support price declared by the Govt. of India. The payment of kapas purchased is made to the cotton farmers directly in their respective bank accounts through e-payment. After procurement, the cotton is processed in various Ginning & Pressing factories hired in the beginning of cotton season through tender process. After processing, the cotton bales are stored in CWC/SWC/Co–operative godowns till its sale to the Textile Mills etc. However, in the absence of MSP operations, it also undertakes Commercial Operations at its own risk and cost.

**Working Capital Requirements**

The Corporation has a credit facility of Rs.40,000 crore sanctioned by a consortium of Public Sector Banks (PSB). The Cotton procurement operations are seasonal in nature. Cotton season starts from 1st October and ends in September in next year. Therefore, the Corporation avails the short term loans/working capital demand loans with the prepayment option without any penal charges. At present, the Corporation is availing short term loans for a tenure of 90 days. The said short term credit facilities are rated by M/s. Acuite Ratings & Research Limited and has been assigned the highest credit rating i.e. ACUITE AAA for long term credit ratings. The financial results of the Corporation in the last 3 years are as under:

(Rs. in crore)

| Sr. No. | Financial Year | Profit/(Loss) After Tax |
|---|---|---|
| 1. | 2021-22 | 13.29 |
| 2. | 2022-23 | (55.54) |
| 3. | 2023-24 | 38.91 |
| 4. | 2024-25 | 29.65 |

In order to meet its working capital requirements at a minimum interest cost, the Corporation intends to avail unsecured short term loans/working capital demand loans upto Rs.3000 crore from any scheduled commercial bank/Public Sector banks at most competitive rate of interest with the prepayment option without any penal charges. However, on need basis, we would like to re-avail the loan.

…2/-

**बोलीदाता बैंक अपनी बोलियां प्रस्तुत करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें:**

1. निगम एतद् द्वारा 30 दिनों की अवधि के लिए अप्रतिभूत आधार पर अल्पावधि ऋण/कार्यशील पूंजी मांग ऋणों के माध्यम से ब्याज दर निधि उधार देने के लिए सभी इच्छुक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को प्रतियोगी न्यूनतम ब्याज दर के साथ उधार देने के लिए प्रस्तावित अप्रतिभूत ऋण राशि की सीमा, जो अगले 15 दिनों के लिए वैध होनी चाहिए, को उद्धृत करते हुए बोली के लिए आमंत्रित करता है ।
2. कोई भी सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएगी।
3. निगम के पास ब्याज दर को कम करने के लिए किसी भी बोलीदाता के साथ बातचीत करने का अधिकार सुरक्षित है।
4. निगम बोली की स्वीकृति के उपरांत, अपनी दैनिक आवश्यकता के आधार पर ट्राँचियों में ऋण प्राप्त करेगा।
5. निगम के पास ऋण अवधि के दौरान किसी भी समय बिना कोई पूर्व-भुगतान प्रभार या कोई भी अन्य दंड प्रभार के, ऋण का पूर्व-भुगतान करने का विकल्प होगा ।
6. किसी भी बैंक से लिए गए अल्पावधि ऋणों/ कार्यशील पूँजी मांग ऋण, निगम के बोर्ड द्वारा संस्वीकृत समग्र उधार लेने की शक्ति के अंतर्गत होगा ।
7. इसलिए, अब से इच्छुक बैंक अपनी बोलियाँ महीने के प्रत्येक अंतिम कार्यदिवस को सुबह 11.15 बजे तक जमा कर सकते हैं और उन्हें छठी मंजिल पर स्थित निविदा बॉक्स में डाल सकते हैं जिसका पता नीचे दिया गया है:

   मुख्य महाप्रबंधक ( वित्त )
   भारतीय कपास निगम लिमिटेड
   कपास भवन,
   प्लॉट नं.- 3ए, सेक्टर-10,
   सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई-400614 ,
   ई-मेल आईडी: ttaneja@cotcorp.com

   बोली उसी दिन सुबह 11:30 बजे खोली जाएगी । बैंक का एक संक्षिप्त प्रोफाइल और संपर्क विवरण बोली के साथ ही प्रस्तुत करें ।
8. निगम के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या उसको अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है ।
9. यदि सफल बोलीदाता बैंक, निगम को राशि उधार देने में असफल होता है तो वह बैंक अगले 3 महीनों के लिए बोली प्रक्रिया में भाग लेने का हकदार नहीं होगा ।
10. बोलीदाता बैंक को एक प्रमाण पत्र जमा करना आवश्यक है कि भारतीय कपास निगम लिमिटेड अब तक बोलीदाता बैंक को मूलधन और/या ब्याज के भुगतान में कोई चूक नहीं की है।
11. सफल बोलीदाता बैंको को अनुरोधित तिथि तक भाकनि बैंक खाता में संध्या 5:30 बजे तक भाकनि द्वारा अनुरोधित निधि को विप्रेषण करना आवश्यक है । यदि किसी, भाकनि खाते में संध्या 5:30 बजे तक निधि प्राप्त नहीं होती है, तो उस निधि की प्राप्ति तारीख अगले कार्यदिवस को मानी जाएगी ।

The bidder banks may note the following while submitting their bids: -

1. The Corporation hereby invites bids from all the interested scheduled commercial banks for lending funds by way of short term loans/working capital demand loans on unsecured basis for a tenure of 30 days, quoting the limit of unsecured loan amount proposed to be lend along with their competitive minimum rate of interest, which should remain valid for next 15 days.
2. No conditional bid will be accepted.
3. The Corporation reserves the right to negotiate with any bidder to bring down the interest rate.
4. The Corporation, on acceptance of the bid, shall avail the loan in tranches, on its day-to- day need basis.
5. The Corporation shall have an option to pre-pay the loan at any point of time during the tenure of the loan without any prepayment charges or any other penalties whatsoever maybe.
6. The short term loans/working capital demand loans availed from any bank will remain within the overall borrowing powers sanctioned by the Board of the Corporation.
7. Therefore, from now on interested banks may submit their bids latest by 11.15am on every last working day of the month and dropped at the tender box kept at 6thfloor at its registered office as addressed below::

   Chief General Manager (Finance)
   The Cotton Corporation of India Ltd.,
   Kapas Bhavan,
   Plot-3A, Sector-10,
   CBD Belapur, Navi Mumbai – 400614.
   Email id:ttaneja@cotcorp.com

   The bid shall be opened on the same day at 11.30 am. A brief profile and contact details of bank may be submitted with bid.

8. The Corporation reserves its right to accept or reject any of the bid without assigning any reason(s) thereof.
9. If successful bidder bank, fail to lend the amount to the Corporation, they shall not be entitled to participate in the bid process for next 3 months.
10. The bidder bank is required to submit a certificate that the Cotton Corporation of India Ltd. has not made any default in payment of Principal and/or Interest there on to bidder bank till date.
11. The successful bidder banks are required to remit the fund requested by CCI latest by 5.30 pm to CCI bank account on the requested date. In case, the funds are not received in CCI account till 5.30 pm, the availment will be treated on next working day.